भारत सरकार
पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 2360
बुधवार, 21 दिसम्बर, 2022 को उत्तर दिए जाने के लिए

नीली अर्थव्यवस्था नीति

†2360. डॉ. सुकान्त मजूमदार :

क्या पृथ्वी विज्ञान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या मंत्रालय देश में तटीय क्षेत्रों के सतत विकास के लिए समुद्री जीवन, निर्जीव संसाधनों, पर्यटन, समुद्री ऊर्जा आदि सभी क्षेत्रों के इष्टतम उपयोग के लिए प्रतिबद्ध है;

(ख) यदि हां, तो क्या मंत्रालय ने देश की नीली अर्थव्यवस्था नीति की तैयारी को अंतिम रूप दे दिया है;

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(घ) इस संबंध में और क्या कदम उठाए जा रहे हैं?

उत्तर
विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी तथा पृथ्वी विज्ञान राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)
(डॉ. जितेंद्र सिंह)

(क) जी, हां।

(ख) और (ग) मसौदा नीति दस्तावेज तैयार किया गया था तथा आम जनता और सभी संबंधित हितधारकों से टिप्पणियों और फीडबैक के लिए रखा गया था। मंत्रालयों/विभागों, संसद सदस्यों, गैर-सरकारी संगठनों (एनजीओ), उद्योग के प्रतिनिधियों और आम जनता से प्राप्त अनेक मूल्यवान टिप्पणियों/सुझावों पर विचार किया गया है और नीति दस्तावेज को तदनुसार संशोधित किया गया है। एक मसौदा मंत्रिमंडल नोट तैयार किया गया है और अंतर-मंत्रालयी परामर्श के लिए परिचालित किया गया है। मंत्रालयों/विभागों से प्राप्त टिप्पणियों/इनपुट्स को तदनुसार मसौदा मंत्रिमंडल नोट में शामिल किया जा रहा है।

(घ) मंत्रिमंडल द्वारा अनुमोदित किये जाने के बाद इस नीति के कार्यान्वयन के लिए जागरूक करने, कार्यशालाओं का आयोजन करने, विशेषज्ञ समूह तैयार करने पर विचार किया जाएगा।

****